# रहमान के 'रई रई रारा' पर थिरके दर्शक

## जाह्नवी कपूर ने फिल्म निर्देशक को कहा 'क्यूट'



जाह्नवी कपूर ने मंच पर आते ही भोपाल की जनता को नमस्ते किया. उन्होंने कहा आगे भी इस फिल्म को ढेर सारा प्यार दीजिएगा, जैसा आज आप सबने यहां आकर हमें दिया है। उन्होंने दर्शकों का धन्यवाद किया और फिल्म के डायरेक्टर सतीश को फिल्म में उनके किरदार को निभाने पर उनके सपोर्ट को क्यूट कहा.

## भेल दशहरा मैदान में साउथ की फिल्म पेद्दी का प्रमोशन
## रामचरण ने नमस्ते भोपाल कहकर कहा-लव यू ऑल

मेगा स्क्रीन पर फिल्म का नया गाना लॉन्च




नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 मई. नमस्ते भोपाल, नमस्ते मध्यप्रदेश, जैसे ही सुपरस्टार रामचरण की आवाज भेल दशहरा मैदान में सुनाई पड़ी. दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया. वहीं 120 फीट के विशाल स्टेज में लगी एलईडी स्क्रीन से जब फिल्म की झलकियां और शोकेसिंग दिखाई जा रही थी, तो हाथों में रामचरण और फिल्म पेद्दी के प्लग कार्ड लिये दर्शकों ने जोरदार हुंकार और सीटियों से फिल्म के ट्रेलर का स्वागत किया.**

### आतिशबाजी से सतरंगी हो गया आसमान

यह अवसर था रविवार शाम साउथ की मेगा बजट फिल्म पेड्डी के प्रमोशन का. जब सुपरस्टार रामतरण, मशहूर अभिनेत्री जान्हवी कपूर और सबके चहेते मुन्ना भईया देवेंदु शर्मा सहित संगीत निर्देशक ए. आर रहमान जैसे दिग्गज सितारों से भोपाल की जमीं अभिनय और संगीत सितारों से रंग गई. रात 8 बजकर 32 मिनट मेगास्टार राम चरण के कदम स्टेज पर पड़ते ही आसमान आतिशबाजी से सतरंगी हो गया. भोपालवासियों की सीटियों और तालियों के शोर के बीच राम चरण ने जैसे ही कहा लव यू ऑल, भोपाल वासियों का दिल बाग-बाग हो गया.



### रामचरण ने माइक थामा तो बढ़ी धड़कन

*नमस्ते भोपाल नमस्ते मध्यप्रदेश कहकर जब रामचरण ने माइक थामा तो दर्शकों के दिल की धड़कन भी बढ़ गई. रामचरण ने कहा कि फिल्म में हमने बहुत ही भावुकता से काम किया है। मध्यप्रदेश को देश का दिल कहा जाता है इसलिए आप लोग के बीच हम आपका प्यार लेने आये हैं, इसे स्वीकार करिए. उन्होंने कहा यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जो आपके दिल को छुएगी.*

कार्यक्रम में तीस से अधिक कलाकारों ने फिल्म के गाने रई रई रारा पर ऐसी अद्भुत प्रस्तुति दी, कि दर्शक झूम उठे. इसके बाद ए. आर रहमान ने जब हाथ में माइक थामकर रई रई रारा गाने के बोल तेलगू में गाने शुरू किये तो न दर्शक जोश के साथ थिरक उठे. वहीं कार्यक्रम में मेगा स्क्रीन पर फिल्म के नए गाने हेलाल्लो को लॉन्च किया गया. मिर्जापुर फेम दिव्येंदु शर्मा ने मंच पर सबसे पहली एंट्री ली, जिनकी आवाज सुनते ही फैंस से जोर से मुन्ना भईया कहकर बुलाया. उन्होंने स्टेज से कहा कि यह फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि इसके जरिए मैं तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहा हूं.



## भक्ति और राग के संगम से सजी भारत भवन की शाम

निज संवाददाता

**भोपाल, 23 मई. भारत भवन में चल रहे तीन दिवसीय संतवाणी समारोह के दूसरे दिन शनिवार शाम भक्ति और संगीत का सुंदर संगम देखने को मिला. पहले सत्र में प्रसिद्ध गायिका माधवी मधुकर ने गणेश भुजंगम से शुरुआत की, जिसमें शास्त्रीयता और भक्ति का अच्छा मेल दिखा. इसके बाद उन्होंने भवानी अष्टकम और भज गोविंदम की प्रस्तुति दी, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा.**

मधुराष्टकम में श्रीकृष्ण की भक्ति को बहुत सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया. उनकी प्रस्तुति में की-बोर्ड, तबला, गिटार और अन्य वाद्यों का संतुलित संगम भी देखने को मिला. दूसरे सत्र में गायिका मंजुषा पाटिल ने अभंग और संत साहित्य की प्रस्तुतियों से माहौल को और भी भावपूर्ण बना दिया. उन्होंने जय जय राम कृष्ण हरी से शुरुआत की. रूप पाहता लोचनी और अली म्हणे लागे वृंदावन को जैसे पदों ने श्रोताओं को भक्ति में डुबो दिया. करम की गति न्यारी और अबीर गुलाल जैसे गीतों ने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया. मीरा बाई का पद म्हारे घर आवोजी भी खास आकर्षण रहा. कार्यक्रम का समापन अच्युतम् अनन्तम् की प्रस्तुति से हुआ, जिसने वातावरण में शांति और सुकून भर दिया.



## रवीन्द्र भवन में लोक और सूफी सुरों से सजी महफिल

▸ आकाशवाणी की स्थापना दिवस पर हुआ आयोजन

निज संवाददाता

**भोपाल, 23 मई. आकाशवाणी के स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार शाम रवींद्र भवन में लोक और सूफी संगीत की महफिल सजी.**

कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पलता शर्मा ने बुंदेली लोकगीतों से की. उन्होंने विवाह गीत 'बजा बजा रमतुला, आ गए पार्वती के दूल्हा' प्रस्तुत किया. इसके बाद गारी, लगुन, दादरा और स्वांग जैसे गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया. उनका गीत 'कैसे लगहैं पार, अब तो अचल हो गई नैया' ने सभी के मन को छू लिया. दूसरे चरण में उस्ताद मुनव्वर मासूम ने 'बिस्मिल्लाह' से शुरुआत की और 'ख्वाजा जी महाराज करम सरकार' 'छाप तिलक' और 'दमादम मस्त कलंदर' जैसी प्रस्तुतियों से सभागार को सूफी रंग में रंग दिया. आकाशवाणी भोपाल के प्रभारी समूह प्रमुख संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आकाशवाणी पिछले 90 वर्षों से संस्कृति और लोक जीवन के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है.

### एक नजर में

#### 'गीतों का कारवां-2' में गूंजे सदाबहार गीत



**भोपाल (निज संवाददाता).** शहर के तरंग म्यूजिकल ग्रुप द्वारा शनिवार को सरदार वल्लभ भाई पॉलिटेक्निक कॉलेज ऑडिटोरियम में संगीत संध्या 'गीतों का कारवां-2' का आयोजन किया गया. इस संगीतमय शाम में भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम युग के लोकप्रिय गीतों की मधुर प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम में कुलदीप सिंह, आरती लालवानी, शंकर मूर्ति, जगदीश रायकवार, कुमार बबलू, अनिल कुमार शर्मा, नीतू शर्मा, साबिर सिद्दीकी, फरहत खान, छाया बाधम, डॉ. एस मिर्जा, तौसीफ खान, ज्ञानेंद्र तिवारी, लायक अहमद और इशाक अली ने गीतों की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मालती राय उपस्थित रहीं.

#### भोपाल की लय 2026 का आयोजन आज

**भोपाल, 23 मई.** भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं सांस्कृतिक विरासत को समर्पित एक सांस्कृतिक आयोजन 'भोपाल की लय 2026' का आयोजन रविवार 24 मई को शाम 5:30 बजे जेके अस्पताल स्थित लघु एवं मध्यम उद्यम सभागार, कोलार रोड भोपाल में किया जाएगा. मदद फाउंडेशन द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया है. मदद फाउंडेशन की अध्यक्ष सुनंदा पहाड़े ने बताया कि कार्यक्रम में कथक, भरतनाट्यम एवं कुचिपुड़ी शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी. फाउंडेशन की पूरी टीम ने भोपालवासियों से अपील की है कि वे इस सांस्कृतिक आयोजन में शामिल होकर भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत का अनुभव कर कलाकारों का उत्साहवर्धन करें.

#### रोहित हाउस ने 30 रन से विराट कोहली को हराया

**भोपाल (खेल प्रतिनिधि).** भोपाल अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस क्रिकेट लीग अंडर-16 प्रतियोगिता में रोहित शर्मा हाउस ने विराट कोहली हाउस को 30 रन से हराया. रोहित हाउस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 44.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 149 रन बनाए. आदित्य सोलंकी ने 64 रन की पारी खेली. सूर्या जाट ने 33 और युवराज ठाकुर ने 19 रन का योगदान दिया. विराट कोहली हाउस के सुधांशु शुक्ला ने 3, मार्तंड पाल और सौरभ नागर ने 2-2 विकेट लिए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी विराट कोहली हाउस की टीम 30वें ओवर में 119 रन पर सिमट गई. जय बैरागी ने 35, रजित मीना ने 25 और सुधांशु शुक्ला ने 20 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके. रोहित हाउस की ओर से वंश मेश्राम ने 5, आदित्य सोलंकी ने 3 और विराज चतुर्वेदी ने 1 विकेट लिए.

## रवीन्द्र जयंती पर नाटक 'लोखीर पोरिखा' का मंचन

**भोपाल, 23 मई. रवीन्द्र जयंती के अवसर पर कालीबाड़ी में शनिवार को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखे गए नाटक 'लोखीर पोरिखा' का मंचन सार्थक गांगुली के निर्देशन ने किया गया.**



नाटक की कहानी एक रानी और उसकी घर की नौकरानी के इर्द-गिर्द घूमती है. माता लक्ष्मी के आशीर्वाद से नौकरानी सपने में रानी बन जाती है. लेकिन रानी बनने के बाद भी उसका स्वभाव नहीं बदलता और वह अहंकार में आकर अपने साथियों पर अत्याचार करने लगती है. कहानी में मोड़ तब आता है जब उसका सपना टूटता है और उसे अपनी गलती का एहसास होता है. इसके बाद माता लक्ष्मी उसे सही रास्ता दिखाती हैं. नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि शॉर्टकट अपनाने से सफलता नहीं मिलती, बल्कि आलस छोड़कर मेहनत और सत्य के रास्ते पर चलना ही सही मार्ग है.

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बीएचईएल ने दी विदाई

**भोपाल( विशेष संवाददाता ).** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड भोपाल के प्रशासनिक भवन में आयोजित समारोह में कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी. चिकित्सा अधिकारी नम्रता पी. विलियम सहित आठ पर्यवेक्षकों को सम्मानपूर्वक विदा किया गया. समारोह को संबोधित करते हुए उपाध्याय ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन की दूसरी पारी है, जिसे सभी को खुशी, सकारात्मकता और उत्साह के साथ बिताना चाहिए. उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ रहने, अपने सपनों को पूरा करने और जीवन का भरपूर आनंद लेने की शुभकामनाएं दीं.

## मैनिट में छात्रों के प्लेसमेंट के लिए बनी रणनीति

### 'ग्लोबल मैनिट एलुमनी एसोसिएशन' का शपथ ग्रहण समारोह

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 23 मई.** मैनिट के पूर्व छात्रों के संगठन 'ग्लोबल मैनिट एलुमनी एसोसिएशन' के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संस्थान के ऑडिटोरियम में शनिवार को हुआ. इस दौरान वर्ष 1982 बैच के इंजीनियर मनोज कुकरेजा ने एसोसिएशन के अध्यक्ष पद की शपथ ली. मैनिट के निदेशक प्रो. के. के. शुक्ला ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को शपथ दिलाई. नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुकरेजा ने अपनी प्राथमिकताओं को साझा करते हुए कहा कि यह एसोसिएशन पूर्व छात्रों और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा. संस्थान के विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए जॉब्स, इंटर्नशिप, इंडस्ट्री कनेक्ट, स्टार्टअप सपोर्ट, मेंटरशिप और एलुमनी कोआर्डिनेशन सेल को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा. उन्होंने बताया कि एसोसिएशन ने 80 पूर्व छात्रों की सहभागिता से समितियों का गठन किया है,

## लेखक संघ की प्रादेशिक ग़ज़ल गोष्ठी आज


**भोपाल.** मध्यप्रदेश लेखक संघ की प्रादेशिक ग़ज़ल गोष्ठी 24 मई रविवार को दोपहर 2 बजे से दुष्यंत संग्रहालय, शिवाजी नगर, भोपाल में वरिष्ठ ग़ज़लकार महेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, सुरेश पाबरा के सारस्वत आतिथ्य, डॉ रामवल्लभ आचार्य, संरक्षक मध्यप्रदेश लेखक संघ के विशिष्ट आतिथ्य एवं राजेंद्र गट्टानी, अध्यक्ष मप्र लेखक संघ की अध्यक्षता में आयोजित है. गोष्ठी में अशोक गोयल गुना, संतोष जैन घोड़ाडोंगरी, मदन व्यास हरदा, बिंद्रावन राय सरल सागर, रमेश नन्द भोपाल, पूजा कृष्णा इंदौर, शफी लोदी रतलाम, जयकृष्ण चांडक हरदा, राजकुमार कोरी बैतूल एवं नीता सक्सेना भोपाल अपनी ग़ज़लों का पाठ करेंगे.

## वन विहार में 20 प्रजातियों की तितलियां

▸ अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 मई. वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में शनिवार को प्रकृति के अनूठे रंग देखने को मिले. जहां अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के मौके पर जागरुकता शिविर आयोजित किया गया.**



भोपाल बर्ड्स और वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय उद्यान की समृद्ध और अमूल्य जैवविविधता को पहचानना और उसे करीब से समझना रहा. शिविर में 27 प्रकृति प्रेमी शामिल हुए. शिविर में राष्ट्रीय पक्षी मोर का मनमोहक नृत्य भी देखने को मिला. विशेषज्ञों ने बताया कि मोर अपने प्रजनन काल में मादा को आकर्षित करने के लिए पंख फैलाकर नृत्य करते हैं, जो प्रकृति का एक अद्भुत दृश्य है.

प्रकृति प्रेमियों ने वन विहार में लगभग 45 प्रजातियों के पक्षियों को पहचान की. इनमें सुनहरे रंग का गोल्डन ओरियल, पर्पल मूरहेन, लिटिल कोर्मोरेंट, लार्ज कोर्मोरेंट, रिवर टर्न, पेंटेड स्टोर्क, ओपनबिल स्टोर्क, कॉमन मैना, पाईड मैना, स्माल मिनिवेट, कॉमन हॉक कुकु और बया पक्षी शामिल हैं. उन्होंने करीब 20 प्रजातियों की तितलियों को भी चिन्हित किया.

एवी एम्बुलेंस सर्विस

24/7 आपातकालीन सेवा | लालघाटी, भोपाल
महेश चंद्रवंशी
पिछले 5 सालो से आपकी सेवा में तत्पर
संपर्क सूत्र (Contacts):
+91 88270 10108
+91 9340 275278
पता (Address):
लालघाटी, भोपाल (म.प्र.)
'हमारी सेवाएँ:
ICU एम्बुलेंस
डेड बॉडी फ्रीजर
मरीज शिफ्टिंग
ऑक्सीजन सुविधा

DR KAVITA PHYSIOTHERAPIST
क्या आप झड़ते और पतले बालों से परेशान हैं ?

फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा प्रमाणित हिजामा (कपिंग) थेरेपी अपनाएं और पाएँ घने-मजबूत बाल! हिजामा आपके बालों के लिए कैसे काम करता है? ब्लड सकुर्लेशन बढ़ाए: स्कैल्प पर वैक्यूम सक्शन द्वारा रक्त संचार (Blood circulation) में सुधार होता है। जड़ों को पोषण: ऑक्सीजन और पोषक तत्व सीधे बालों की जड़ों (follicles) तक पहुँचते हैं। टॉक्सिन्स बाहर निकाले: स्कैल्प के नीचे जमा हानिकारक टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। नई ग्रोथ (New Growth): कमजोर जड़ें मजबूत होती हैं और बालों की नई व प्राकृतिक ग्रोथ शुरू होती है। डैंड्रफ कम करे: स्कैल्प को स्वस्थ रखकर रूसी और अत्यधिक ऑयलिंग की समस्या से राहत दिलाता है। 100% प्राकृतिक और दर्द-रहित थेरेपी!
Mob No.: 9109626363

### आयोजन | राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) का वार्षिक ग्रेजुएशन शोकेस कार्यक्रम

## नई पीढ़ी वैश्विक फैशन उद्योग में बदलाव को तैयार


नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 मई. राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) भोपाल के युवा सिर्फ ग्लोबल ट्रेंड्स को फॉलो नहीं करते, बल्कि उन्हें बनाने का दम रखते हैं. यह बात राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) भोपाल के निदेशक अखिल सहाय ने संस्थान के वार्षिक ग्रेजुएशन शोकेस 2026 के दौरान कही.**



एक होटल में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में 165 प्रतिभावान छात्रों का ग्रेजुएशन संपन्न हुआ, जो अब प्रतिस्पर्धी वैश्विक फैशन और डिजाइन उद्योग में कदम रख रहे हैं. समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त संजय कुमार, विशिष्ट अतिथि प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्रेयस्कर चौधरी और वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव कुमार अंगरा थे. वहीं शोकेस के दौरान फैशन शो, एग्जीबिशन और प्रेजेंटेशन के जरिए छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और व्यावसायिक कौशल का प्रदर्शन किया.

संस्थान के विद्यार्थियों ने सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है. फैशन डिजाइन की छात्रा अनुष्का शर्मा ने नामी ब्रांड हेमंत एंड नंदिता के साथ काम कर व्यावहारिक अनुभव हासिल किया. फैशन कम्युनिकेशन की सुहानी ने वस्त्र मंत्रालय के तहत गोवा के स्थानीय कारीगरों के साथ मिलकर पारंपरिक 'शिम्पला शिल्प' (सीप शिल्प) को बढ़ावा देने पर काम किया. टेक्सटाइल डिजाइन की मिनी नरवरिया ने ग्रामीण विकास मंत्रालय के मिशन के तहत ओडिशा के पिपिली एप्लिक और सौरा कला से जुड़े पारंपरिक शिल्पकारों के साथ काम कर अपनी कला को निखारा.

डॉ. फिजियोकेयर फिजियोथेरेपी क्लीनिक
मो. 9109626364
दर्द से हताश रोगियों के लिए फिजियोथेरेपी के द्वारा इलाज
टेनिस एंलबो
माईग्रेन व चक्कर आना
कमर का दर्द
घुटनों का दर्द
गरदन का दर्द
लकवा
गठिया
सायटिका
स्लिप डिस्क
मांसपेशियों का दर्द व खिचाव
पोलियो मेलाइटिस
फैक्चर व ऑपरेशन के बाद जोड़ों का जाम होना
कंधे का जाम होना


एडवांस फिजियोथेरेपी: हिजामा कपिंग, ड्राई नीडलिंग, लेजर थेरेपी
डॉ. कविता - बिजली गेट के सामने, रोशन हॉस्पिटल के पास पी.एन.बी. बैंक, गोविन्दपुरा, भोपाल

VIVANT
PHYSIOTHERAPY CLINIC & YOGA CLASSES
Are You Suffering From | Pain Free Existence
Joint & Muscle Pain
Shoulder Pain
Leg Or Calf Pain
Neck & Heel Pain
Distrub Sleep Due To Back Pain
Difficulty In Sitting Crossed Leg
Soft Tissue Injury
Pre & Post Pregnancy Excercises
Hip & Knee Replacement Therapy
Pre & Post Surgery Therapy
Neurological Disorder
All Type Of Paralysis
Facial & Bell's Palsy
Cerebral Palsy
Delayed Milestone

HOME VISIT AVAILABLE
CONSULTANCY CONTACT: 9589779577
TIMING:- MORNING: 10AM TO 1PM, EVENING: 5PM TO 9PM, SUNDAY CLOSED
Add.- H.No.-11, Aryan Wings Colony, Near Hotel Abhinav Palace, Jatkhedi, Hoshangabad Road, Bhopal